## विकासखंड कटनी एवं रीठी के 37 परीक्षा केन्द्रों की सामग्री का वितरण आज

# पांच बसों के माध्यम से 60 परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रश्नपत्र व गोपनीय सामग्री हुई रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 25 फरवरी से संचालित होनें वाली हाई स्कूल एवं हायर सेंकेन्ड्री परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री एवं प्रश्नपत्रों का वितरण कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर कटनी से शुक्रवार को शुरू किया गया। शुक्रवार को जिले के चार विकासखंडों क्रमशः बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, बड़वारा एवं विजयराघवगढ़ के 60 परीक्षा केन्द्रों को गोपनीय समग्री एवं प्रश्नपत्रों का वितरण किया गया। जबकि शनिवार को विकासखंड कटनी एवं रीठी के 37 परीक्षा केन्द्रों की सामग्री एवं प्रश्नपत्रों का वितरण किया जायेगा।





### थाना में जमा होंगे प्रश्नपत्र

जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह ने बताया कि सभी प्राचार्यो को दो भृत्यों और दो ताले वाली दो बड़ी पेटियों के साथ समन्वयक केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर में बुलाया गया था। जहां से इन्हे गोपनीय सामग्री एवं प्रश्नपत्रों का वितरण कर पांच बसों के माध्यम से अलग- अलग रूट में स्थित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों को प्रश्नपत्र एवं गोपनीय समग्री के साथ रवाना किया गया। जहां वे अपने नजदीकी पुलिस थाना मे गोपनीय सामग्री और प्रश्नपत्र जमा करेंगे। इस दौरान परीक्षा प्रभरी एवं सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरि, बीईओ रीठी अनिल चक्रवर्ती, विवेक दुबे सहित अन्य शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### जिले में कुल 97 परीक्षा केन्द्र

विदित हो कि जिले में कुल 97 परीक्षा केन्द्र है जिसमें 7 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील बनाया गया है। जिसमें पृथक से प्रेक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था की गई है। जिले में हाईस्कूल कक्षा 10 वीं में 14 हजार 926 नियमित एवं 655 स्वाध्यायी परीक्षार्थी एवं हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं की परीक्षा में 10 हजार 536 नियमित एवं 720 स्वाध्यायी परीक्षार्थी सम्मलित हो रहे है।

# शिकायतों के निराकरण में कटनी चौथे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले मे कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में 84.84 वेटेज स्कोर और ए ग्रेड के साथ चौथे स्थान पर है। जिले ने सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में ओवरऑल ए ग्रेड हासिल किया है। इसी के साथ - साथ पुलिस, नगर निगम और जिला पंचायत नें भी ए ग्रेड अर्जित किया है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले को ए ग्रेड मिला है। जनवरी 2025 में प्राप्त कुल 7 हजार 473 शिकायतों में से जिले नें 50.65 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टि के साथ शिकायतों का निराकरण किया है।

कलेक्टर दिलीप कुमार ने विभागों के अधिकारियों को सी.एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए है।

### पुलिस एवं ननि चौथे और जिपं नौवें पायदान पर

सी.एम हेल्पलाइन के शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कटनी पुलिस अपने समूह के जिलों मे चौथे स्थान पर रहा। कटनी पुलिस ने 89.88 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया और 54.34 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया है। पुलिस विभाग को जनवरी माह में 742 शिकायतें प्राप्त हुई थी। जबकि नगर निगम ने जनवरी माह में प्राप्त कुल 449 शिकायतों में से 55.99 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया गया। वहीं 94.34 कुल वेटेज स्कोर के साथ कटनी नगर निगम ने ए ग्रेड अर्जित किया है। जबकि जिला पंचायत कटनी को अपने समूह के जिलों में नौवा स्थान हासिल हुआ है। जिला पंचायत ने 89.43 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है और 52.78 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। जिला पंचायत को जनवरी माह में कुल 997 शिकायतें प्राप्त हुई थी।

## खबर संक्षेप

### रिश्वत लेने वाले बीआरसी बड़वारा की प्रतिनियुक्ति समाप्त

**कटनी।** अशासकीय विद्यालय संचालन हेतु नवीन मान्यता की कार्यवाही हेतु दस हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हांथों पकड़े गए विकासखंड बड़वारा के जनपद शिक्षा केन्द्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार गुप्ता की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उनके मूल विभाग स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कटनी के लिए कार्यमुक्त किया गया है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ द्वारा शुक्रवार को जिला शिक्षा केन्द्र से बीआरसी श्री गुप्ता की प्रतिनियुक्ति समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है।

### तालाब में उतराती मिली प्रौढ़ की लाश

**कटनी।** तालाब में एक प्रौढ़ की लाश उतराती देख क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। घटना रीठी थाना क्षेत्र की है। मामले की जानकारी फैलते ही तालाब के आसपास लोगों की भीड़ लग गई। घटना की सूचना रीठी पुलिस थाने में दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तालाब में उतराती लाश को बाहर निकाला। मृतक की शिनाख्त सिंघैया मोहल्ला निवासी 50 वर्षीय सेंटी उर्फ रहीश आदिवासी के रूप में की गई। शव को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे मृतक दो-तीन दिन पहले तालाब में डूबा हो। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। सेंटी तालाब में कैसे पहुंचा और उसमें डूबा कैसे। इस सभी पहलुओं की पुलिस जांच कर रही है।

### स्वास्थ्य शिविर में परीक्षण कर दी जानकारी

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का पंचम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर “पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर” का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला चिकित्सालय से हेमंत श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ उपस्थित हुए। उन्होंने ग्राम वासियों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जानकारियाँ प्रदान की और स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न उपायों से अवगत कराया। इसके साथ ही, उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामवासियों को जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया। जनसंपर्क के दौरान, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के छात्रों से भी संपर्क किया गया। उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। समस्त छात्र-छात्राओं से उनकी दिनचर्या के बारे में चर्चा की गई, जिसमें छात्रों ने खुशी-खुशी अपनी दिनचर्या साझा की।

### परिवार से बिछड़े वृद्ध को पुलिस ने मिलाया



**कटनी।** पुलिस की सहायता से एक वृद्ध अपने परिजनों से मिल सका। दरअसल थाना रंगनाथ नगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक 75 वर्षीय बुजुर्ग बुदननाथ यादव निवासी ग्राम बाड़ापाड़ा राज्य ओडिशा जोकि महाकुंभ में परिवार के साथ गये थे और अपने परिवार से बिछड़ गये है। उनका किसी भी तरह परिवार वालो से संपर्क नही हो रहा है। स्थानीय लोगो के द्वारा जानकारी मिलने से रंगनाथनगर की पुलिस द्वारा तत्काल बुजुर्ग दादा की सहायता कर उनसे पूछताछ की गई एंव उनके परिवार वालो से संपर्क किया गया। परिजनो के द्वारा बताया गया कि 3 दिन से हम अपने पिता को ढूंढ़ रहे है जिनकी कोई खबर नही मिल रही थी । बुजुर्ग दादा को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया परिजनो तथा स्थानीय लोगों द्वारा उनि नवीन नामदेव एंव स्टाफ की तत्परता की सराहना की गई ।

# महापौर ने कहा सफाई को लेकर कोई भी शिकायत नहीं आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर की सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 को लेकर शुक्रवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी ने स्वच्छता टीम के साथ बैठक लेकर सभी के कार्यों का बारीकी से अकलोकन किया। बैठक में महापौर सूरी ने सभी वार्ड दारोग़ाओं के क्षेत्र में कितने स्वच्छता कर्मी प्रतिदिन उपस्थित होते है तथा कितने अनुपस्थित होते है तथा किस वार्ड में कितने कर्मी कार्य में नियुक्त किए गए है,जानकारी लेते हुए सभी के उपस्थिति रजिस्टर की जाँच की और लंबे समय से बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने वालों पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि सभी सतर्क हो जाये शहर में सफाई को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायतें नहीं आये,इसको लेकर सभी स्वच्छता निरीक्षक,वार्ड दरोगा कड़ी मेहनत के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं को दुरूस्त करें।साथ ही कुछ आवश्यक प्रमुख बिंदुओं जैसे कचरे को पृथक्करण,सभी सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन रखवाएं तथा लोगों को जागरूक व प्रेरित करें कि वे कचरे को डस्टबिन में ही डालें एवं कचरा रोड में फेकने वालों पर चेतावनी व चालानी कार्यवाही करे,डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य में कसावट लाएं,साथ ही पूजन सामग्री एकत्रित किए जाने हेतु फूल-माला गाड़ी नियमित रूप से शहर के सभी मंदिरों व घरों में भेजने, सफाई के बाद कचरे ज़मीन में खुला न छोड़े बैग में रखें,तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध हेतु सभी ठेले वालों,दुकान वालों को समझाइश देते हुए पुनः उपयोग करने वालों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

बैठक के अगले क्रम में निगमायुक्त नीलेश दुबे ने कहा कि कचरे को गिरने से रोकने हेतु सभी अच्छी सुपरविजन के साथ नियमित रूप से फुल टाइम कार्य करते हुए लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लायें जिससे के शहर को स्वच्छ बनाया जा सके।

### शहर को बनाएं स्वच्छ व सुंदर

महापौर सूरी एवं निगमायुक्त श्री दुबे ने सभी स्वच्छता टीम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु कड़ी मेहनत व नागरिकों में जागरूकता के साथ शहर को सुंदर स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए हैं साथ ही स्वच्छता के वातारवरण हेतु समस्त नागरिकों से सहयोग की अपील की है जिससे स्वच्छता की दृष्टि से कटनी शहर को उच्चतम स्थान में लाया जा सके।

## न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर किया प्रदर्शन



एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के प्रस्तावित प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा कर की गईं जिस पर अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन अधिवक्ताओं की स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, वकालत पर कुठाराघात है। शुकवार को अधिवक्ता न्यायालीन कार्य से विरत रह विरोध प्रकट किया। अधिवक्ताओं के प्रकरण जो आज सुनवाई हेतु नियत होगे उन्हें अदम पैरवी में निरस्त न किया जाने मांग की गई न ही प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाये, न ही आरोपी के विरूद्ध वारंट जारी किया जावे अर्थात किसी भी प्रकरण में विपरीत कार्यवाही न की जावे, इन मांगों को लेकर अधिवक्ता एक दिन के लिए कार्य से विरत रहें। उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन के विरोध में जिला अधिवक्ता संघ,एक दिवसीय शुक्रवार को अपने न्यायालीन कार्य से विरत रहकर अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ अपना शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को जिले भर के स्कूलों में देखा व सुना गया

# जिले के 1610 मेधावी छात्रों को लेपटाप खरीदनें अंतरित किए 4.25 करोड़ रूपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव ने शुक्रवार को हायर सकेन्ड्री परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले कटनी जिले के 1610 मेधावी विद्यार्थियो को सिंगल क्लिक के माध्यम से लेपटॉप खरीदनें के लिए 4 करोड़ 2 लाख 50 हजार रूपये की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के खाते मे यह राशि भोपाल के प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश के मेधावी छात्रों के साथ-साथ कटनी जिले के छात्रों के खाते मे भी लेपटॉप की राशि अंतरित की है। प्रत्येक छात्र को 25 हजार रूपये प्रति मान के मान से राशि अंतरित की गई है। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कटनी जिले से दो विद्यार्थी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद के छात्र हर्ष सोनी 92 प्रतिशत अंक एवं पुष्कर पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरियापान की छात्रा संजना चौरसिया को 95.8 प्रतिशत अंक मिलने पर शामिल हुई थीं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लेपटॉप वितरण कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को जिले भर के स्कूलों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मौजूदगी में देखा व सुना गया।

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर तिलक कॉलेज में आयोजन

# भारतीय भाषाएँ और ज्ञान परंपरा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




प्रधानमंत्री एक्सीलेंस ऑफ कॉलेज शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को भारतीय ज्ञान परंपरा और हिन्दी विभाग के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भारतीय भाषाएँ और भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सुभद्राकुमारी चौहान और कृष्णा सोबती के पुण्यतिथि पर याद किया गया और उनके साहित्य पर भी प्रकाश डाला गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेयी की अनुमति से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य प्रो. एम.पी. यादव ने 21 फरवरी को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिवस भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने और बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने सभी से अपनी मातृभाषा के संरक्षण और संवर्धन में योगदान देने की अपील की, क्योंकि भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान और परंपरा का भी अभिन्न हिस्सा है।

संगोष्ठी में प्रो. जी.एम. मुस्तफा ने भारतीय भाषाई विविधता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल शास्त्रों और ग्रंथों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भाषाओं का एक सांस्कृतिक पक्ष भी जुड़ा हुआ है। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. माधुरी गर्ग ने भारतीय ज्ञान परंपरा के साहित्यिक और भाषाई पक्ष पर विचार रखते हुए हिंदी साहित्य की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने इस अवसर पर सुभद्रा कुमारी चौहान और कृष्णा सोबती को स्मरण किया और उनके साहित्यिक योगदान को विद्यार्थियों से साझा किया।

डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी ने भाषा के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि यह संस्कृति और इतिहास को समझने का भी एक महत्वपूर्ण साधन है। डॉ. विजय कुमार ने भारतीयता, भाषा और ज्ञान परंपरा को एकीकृत दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में भाषाएँ और बोलियाँ ही संस्कृति की संवाहक हैं, और इनके संरक्षण की दिशा में कार्य करना आवश्यक है।

## उद्यमियों के लिए वरदान बनी मप्र एमएसएमई प्रोत्साहन योजना

# मप्र, छग और महाराष्ट्र के गोंदियां तक है जिले के प्लास्टिक उत्पादों की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राज्य शासन की मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना - 2021 का लाभ लेकर युवा उद्यमी रवि खटवानी नें औद्योगिक क्षेत्र अमकुही मे घरेलू उपयोग के प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण की इकाई लगाकर हर माह आठ से दस लाख रूपये प्रतिमाह अर्जित कर रहे है। युवा उद्यमी रवि इस औद्योगिक इकाई के माध्यम से प्रतिदिन 60 से 70 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी अद्योगिक इकाई में रोजगार भी दे रहे है।

युवा उद्यमी रवि खटवानी बताते है कि वे पहले घरेलू उपयोग के प्लास्टिक उत्पादों को मुंबई और दिल्ली जैसे महानगरों से थोक मे मंगाकर इनकी टे्डिंग का काम करते थे। इस क्षेत्र मे काम करते हुए हमें इसका आंकलन हो गया कि घरेलू प्लास्टिक उत्पादों की मांग के मद्देनजर संभावनाशील क्षेत्र का अंदाजा होने पर उनहोंने स्वयं इनके निर्माण की इकाई लगनें का मन बनाया। मुझे इसके लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से काफी मदद मिली।

इसके बाद मेने मुख्यमंत्री एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत करीब 2.5 करोड़ की लागत से प्लास्टिक उत्पाद निर्माण की गीता प्लास्टिक इकाई लगाया।

यह इकाई औद्योगिक क्षेत्र अमकुही मे 5400 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्थापित है और वर्तमान मे इस इकाई के बने प्लास्टिक उत्पादों जैसे प्लास्टिक मग, साबुनदानी, आर्टिफीशियल मंगलसूत्र पैकिंग बाक्स, विभिन्न आकारों के शीशे, ज्वेलरी बाक्स, साड़ी बाक्स, जैसे कई घरेलू उपयोग के प्लास्टिक उत्पाद बनाये जाते है। जिनकी मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ के कई जिलों मे अपनी गुणवत्ता और मजबूती की वजह से उत्पादों की अच्छी खासी मांग है।

### इन जिलों में है सप्लाई

युवा उद्यमी रवि खटवानी ने बताया कि घरेलू प्लास्टिक उत्पादों की मध्यप्रदेश के मैहर, सतना, रीवा, जबलपुर, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, अनूपपुर, विदिशा, शहडोल जिलों सहित छत्तीसगढ के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जिलों में प्लास्टिक उत्पाद भेजा जाता है। इसके अलावा महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के व्यापारियों के बीच भी हमारे प्लास्टिक उत्पादों को काफी पसंद किया जा रहा है।

युवा उद्यमी रवि ने बताया कि प्लास्टिक के सामानों को बनाने के लिए कच्चा माल इंदौर और जबलपुर डिपो से प्लास्टिक दाना ग्रेन्युअल की बोरी मंगाते है। 25 किलो की बोरी करीब 2500 रूपये में मिलती है। इसके बाद इस ग्रेन्युअल की कलरिंग अपने यूनिट में ही की जाती है और इसके बाद मोल्डिंग मशीनों से विभिन्न प्रकारों के प्लास्टिक उत्पादों को तैयार किया जाता है। युवा उद्यमी रवि खटवानी ने कहा कि लघु उद्यमियों के औद्योगिक ईकाई स्थापना हेतु मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना उद्यमियों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होने इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया है।



# 60 लीटर कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना की बिलहरी चौकी पुलिस ने एक युवक से कच्ची शराब जब्त की है। बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पांडे ने बताया की मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध शराब बेचने की फिराक में खड़ा है। मुखबिर कि सूचना पर चौकी प्रभारी ने तत्काल अपनी टीम को रवाना किया।

टीम ने मौके पर पहुँचकर आरोपी तेजसिंह नागनाथ पिता गुलजार नागनाथ 19 वर्ष निवासी ग्राम नैगवा थाना स्लीमनाबाद हाल रैपुरा के कब्जे से 60 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुवा शराब कुल कीमत 11200 रूपयें की जब्त की गई। पूछतांछ में आरोपी ने बताया कि उपरोक्त शराब वह स्वयं तैयार कर बेचने हेतु खडा था। आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट ताहि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### भगवान श्री कृष्ण ने मित्र सुदामा के चरण आंसुओं से धोएं

**सिलौंडी।** सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम घाना में चल रही भागवत कथा में कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा का प्रसंग सुनाया। भगवान श्री कृष्ण महाराजा होने के बाद भी अपने मित्र के आने की सूचना मिलने पर तुरंत दौड़कर मित्र को गले लगाकर बहुत रोए। मित्र सुदामा को सिंहासन में बैठकर उनके चरणों को आंसू से धोया है । भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की अनोखी मिसाल बनाई है। कथावाचक का भाजपा नेता अनिल पांडे ने सम्मान कर आशीर्वाद लिया है। इस दौरान सरपंच रोशन कोल ,सचिव शंकर लाल साहू , राम प्रसाद शुक्ला ,लखन शुक्ला अरविंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही ।

### प्रौढ़ के पास से 8 हजार रूपए का गांजा जब्त

**कटनी।** कुठला पुलिस ने एक प्रौढ़ के पास से गांजा जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान मदनपुरा रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया के पीछे एक व्यक्ति संदिग्ध हालात मे मिला जो पुलिस को देखकर घबराने लगा जिसका नाम पता पूछा तो अपना नाम राम भरोस परौहा पिता विश्वनाथ उर्फ विषेश्वर प्रसाद परौहा 54 वर्ष निवासी झुकेही थाना अमदरा जिला मैहर का रहने वाला बताया जिसके पास रखे एक थैले में रखे सामान के बारे मे पूछताछ की गई जो सामान के बारे में बताने में आना कानी करने लगा । तलाशी लेने पर 773 ग्राम पदार्थ गांजा कीमती 8,000 रुपये मिला। गांजा जब्त कर आरोपित को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिक्ष के नेतृत्व में उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक ताहिर खान, नन्दकिशोर, सुनील पाण्डेय, आरक्षक मनोज सिंह राजपूत एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही है ।

### स्वयंसवेकों को शिक्षा और रोजगार संबंधी दी जानकारी

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा भनपुरा कला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता सहित जन जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे है। शिविर में उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी पुलिस स्टॉप के साथ पहुँचे। थाना प्रभारी ने शिक्षा का महत्व बताते हुए स्वयंसेवकों को जागरूक किया। इसके अलावा थाना प्रभारी ने रोजगार संबंधी जानकारियां भी स्वयंसेवको को दिया।

### नगर निगम इस बार भी टॉप फाइव में शामिल

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में कटनी नगर निगम द्वारा इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी जिलों को पीछे छोड़कर टॉप फ़ाइव रैंकिंग में अपना स्थान बनाये रखा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे के कुशल मार्गदर्शन में इस बार ताजा रैंकिंग में कटनी नगर निगम ने पुनः टॉप फाइव रैंक हासिल कर जारी रैंकिंग में सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के मामले में 94.34 के स्कोर के साथ चौथा स्थान प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त किया है।

### अजा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी

**कटनी।** आयुक्त अनुसूचित जाति विकास म.प्र. भोपाल द्वारा 09 जनवरी 2025 में दिये गये निर्देशानुसार शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के नवीन, नवीनीकरण आवेदन के लिये अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये एम.पी.टास पोर्टल एवं 2.0 एनआईसी पोर्टल 25 फरवरी 2025 तक खोला गया है। निर्धारित तिथि तक सभी विद्यार्थियों से अप्लाई कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं । सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय जिला छिंदवाड़ा के संस्था प्रमुखों से संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के छात्र-छात्राओं को ऑनलाईन एम.पी. टास पोर्टल एवं 2.0 एनआईसी पोर्टल में निर्धारित तिथि तक सभी विद्यार्थियों से अप्लाई कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

---

**एसपी के निर्देश पर विभिन्न स्थानों में चलाया गया अभियान, काटे चालान**

# ओवरलोड सवारियां बैठाने वाले ई रिक्शा-ऑटो चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर सहित राष्ट्रीय राजमार्गों में सवारी वाले तिपहिया वाहन चालक न सिर्फ यातायात नियमों को तार तार कर रहे हैं बल्कि लोगों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं। ओवरलोड सवारियां बैठाना एवं तेज रफ्तार आदत में शुमार है। आटो एवं ई रिक्शा की लापरवाही का खामियाजा कई बार सवारियों को भोगना पड़ता है। यातायात नियमों का माखौल उड़ाकर वाहन चलाने वाले आटो एवं ई रिक्शा चालकों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है।



पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, जिसमे क्षमता से अधिक सवारी को परिवहन कराया जा रहा था। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे के नेतृत्व में टीम के द्वारा ऑटो/ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित कर शहर के विभिन्न प्वाइंटों एवं फिक्स प्वाइंट ड्यूटी में तैनात यातायात पुलिस कर्मी को अपने अपने प्वाइंट में चल रहे ओवर लोड ई रिक्शा चालकों को समझाइश देने एवं आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की समझाइश दी गई जिस पर सख्ती से चालानी कार्यवाही की गई।

थाना प्रभारी यातायात के नेतृत्व में ऑटो, ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध रोको टोको अभियान चलाया गया। कार्यवाही पन्ना नाका, माधव नगर, मुख्य स्टेशन, चांडक चौक, मुड़वारा स्टेशन एवं शहर के सभी प्रमुख मार्गों में की गई। जिसमे कई वाहनों के चालान बनाए गए। चालानी कार्यवाही में जुर्माना भी वसूल किया गया। राहुल पांडे ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है, यदि यात्रियों के परिवहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी तो पुलिस प्रशासन सख्ती से कार्यवाही करेगा। जिले में कार्यवाही जारी रहेगी। कार्यवाही में यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे, एस.आई.राम कुमार झारिया, आरक्षक डुमन दास, आरक्षक मनोज दुवेदी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारी उपस्थित थे।

#### ज्यादा कमाई के लालच में हादसे को दिया जा रहा न्यौता

गौरतलब है कि यातायात नियमों को दरकिनार कर ज्यादा कमाई के लालच में ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे हैं। नाबालिग तक ई रिक्शा एवं आटो को दौड़ रहे हैं। कई तिपहिया वाहन चालक वाहनों के अंदर तेज आवाज में गाने भी बजाते हैं। हाइवे समेत नगर की सड़कों पर बिना लाइसेंस नाबालिग चालक धड़ल्ले से ऑटो चला रहे हैं। वहीं शासन के नए नियम लागू होने के बाद भी नगर की सड़क पर ऑटो बिना मानक पूरा किए फर्राटा भर रहे हैं। आटो एवं ई रिक्शा चालक अधिक कमाई के लालच में तीन वारी के स्थान पर आठ से दस सवारियां तक बैठा लेते है। क्षमता से अधिक सवारियों के बैठने से हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है। वहीं सवारियों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है।

---

## कवर फसल एवं प्लास्टिक मल्चिंग का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रचार्या डॉक्टर सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रीति नेगी के सहयोग से दिया जा रहा है। कवर फसल मुख्य रूप से फसल उपज के बजाय मिट्टी के लाभ के लिए उगाई जाती है। कवर फसलों का उपयोग आमतौर पर खरपतवारों को दबाने मिट्टी के कटाव का प्रबंधन करने मिट्टी की उर्वरता एवं गुणवत्ता में सुधार और कीटों तथा रोगों के लिए नियंत्रित करने में मदद के लिए उपयोग किया जाता है। घांस फलियां और चौड़ी पत्ती वाली गैर फलियों वाली फसलों का उपयोग किया जाता है। मिट्टी में सुधार के लिए मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता नाइट्रोजन स्थिरीकरण एवं नमी संरक्षण आवश्यक है। मल्चिंग, आच्छादन के अंतर्गत भूमि में नमी संरक्षण खरपतवार नियंत्रण तथा भूमि के कटाव को रोकने एवं फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए मल्चिंग किया जाता है। जैविक मल्चिंग के अंतर्गत पत्तियां घास की कतरन पीट मोस लकड़ी के टुकड़े पेड़ों की छाल की कतरन एस्ट्रा मल्च पाइन एस्ट्रा कार्डबोर्ड। अखबार आदि तथा कृत्रिम पदार्थ के अंतर्गत रबर एवं प्लास्टिक मल्चिंग के उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

## कार की टक्कर से बालिका की थमी सांसें

**कटनी।** सड़क किनारे खड़ी एक चार वर्षीय मासूम बालिका को कार चालक ने टक्कर मार दी और वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद बालिका को अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसकी मौत हो गई। हादसा बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राजासलैया में हुआ। घटना की जानकारी लगते ही बाकल पुलिस हरकत में आई और कार चालक की तलाश में घेराबंदी शुरू कर दी। कुछ देर के अंदर ही आरोपी कार चालक कार सहित गिरफ्तार हो गया। बाकल थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल ने बताया कि गत शाम लगभग 4 बजे ग्राम राजासलैया निवासी 4 वर्षीय मुस्तबिया पिता नसीम शाह सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान कार क्रमांक एमपी 19 सीसी 5320 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बालिका को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक कार लेकर बाकल की तरफ भाग निकला।

---

**स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम नैगवां के समीप हुआ हादसा**

## हाईवे में बस ने तीन कारों को मारी टक्कर, हादसे में पांच को आई चोटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस ने सामने चल रही तीन कारों को एक के बाद एक टक्कर मार दी। हादसे में तीनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार लगभग आधा दर्जन श्रृद्धालू घायल हो गए। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नैगवां के समीप हुआ।



#### 5 यात्रियों को मामूली चोट

स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम नैगवां के समीप रात लगभग 8 बजे श्रद्धालुओं को लेकर प्रयागराज जा रही बस क्रमांक एन एल 01 बी 2483 तेज रफ्तार से जाते हुए सामने अपनी ही दिशा में सामने चल रही एक के बाद एक तीन कारों को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण तीनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार प्रयागराज जा रहे लगभग पांच श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन अवरुद्ध हो गया था जिसे त्वरित कार्यवाही करते हुए खुलवाया जा रहा है। घटना में कोई भी श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है सभी को सामान्य चोटें आई हैं। टक्कर के कारण दो कारें अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गई हैं। बस को जप्त करते हुए कार्यवाही की जा रही है।

#### वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने लिया जायजा

एक के बाद एक हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते सहित शहर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी ब्लैक स्पॉट पर पहुंचे। अधिकारियों ने ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करते हुए हादसों के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक एवं अपर कलेक्टर ने एनएचआई के अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।

---

## सुव्यवस्थित यातायात बनाये रखने दी गई हिदायत



यातायात हाईवे सुरक्षा चौकी प्रभारी सूबेदार मोनिका खड़से एवं चौकी के स्टाफ द्वारा हाईवे पेट्रोलिंग के दौरान नेशनल हाईवे 43 पर स्थित गाँवों में सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों को सड़क से अलग करवाया एवं वाहन चालकों, दुकानदारों एवं आमजन को सुगम यातायात का महत्व बताते हुए यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गयी साथ ही दुकानदारों को यह हिदायत दी गयी कि वे अपना सामान दुकान के अंदर ही रखेंगे सड़क पर नहीं रखेंगे एवं वाहन चालक व आमजन भी सड़क के किनारे खाली जगह पर ही अपने वाहनों को सुव्यवस्थित तरीके से खड़ा करें।

---

## पेयजल समस्याओं से निजात दिलाने 8 ग्राम पंचायतों में 27 लाख से होंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

ग्रामीणों की बुनियादी सुविधाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा ,बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ में विभिन्न प्रकार के निर्माण एवं विकास कार्यों हेतु 27 लाख की प्रशासकीय स्वीकृतियां जारी की है। ग्रीष्मकाल की आहट मिलते ही पेयजल की समस्याओं से निजात दिलाने विकासखंड बहोरीबंद की 8 ग्राम पंचायतों में बोर खनन के कार्य कराए जाएंगे।

#### इन पंचायतों में होंगे कार्य

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत के द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति आदेशों के मुताबिक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत पचपेड़ी और देवरी पाठक में तीन-तीन लाख रुपए की लागत से सीसी नाली निर्माण का कार्य कराया जाएगा। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ की खजुरा ग्राम पंचायत में 7 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य होगा। जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बाकल और चांदन खेड़ा में तीन-तीन लाख रुपए की लागत से तालाब जीर्णोद्धार कार्य कराए जाने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

जिला पंचायत के सीईओ द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार विकासखंड बहोरीबंद की ग्राम पंचायत गुदरी, डिहुटा, कूड़न में दो, बरही, मटवारा, कौड़ियां और खिरहनी में एक लाख रुपए की लागत से बोर खनन के कार्य कराए जाएंगे।

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने संबंधित ग्राम पंचायतों को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया है तथा निर्धारित शर्तों के मुताबिक तय समय सीमा में तकनीकी मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कराए जाने हेतु निर्माण एजेंसी एवं तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया है। प्रशासकीय स्वीकृति आदेश, डिस्टिक प्लानिंग कमेटी में अनुमोदित कार्य योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री के द्वारा प्रदाय तकनीकी स्वीकृति के अनुसार जारी किए गए हैं।

---

**वरिष्ठ पार्षद ने प्रमुख सचिव को पत्र लिख जांच करने की मांग**

## अनुपयोगी एवं अवैध खरीदी से बिगड़ गई स्थिति, जांच कर दोषियों पर हो कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन द्वारा प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. शासन के स्थानीय निधि संपरीक्षा के संचालक एवं क्षेत्रीय संचालक के साथ साथ नगर निगम आयुक्त को एक पत्र लिखकर यह अवगत कराया है कि नगर निगम कटनी में विभिन्न विभागों में नियमों का उल्लघंन करते हुए लाखो, करोड़ों रुपये की अनुपयोगी सामाग्रियॉं क्रय की गई है । यह सामाग्रियॉं क्रय करने में म.प्र. नगर पालिका (मेयर इन कौंसिल/प्रेसीडेंट इन कौंसिल के कामकाज का संचालन एवं पदाधिकारियों की शक्तियॉं एवं कत्र्तव्य) नियम 1998 का नियम 5 (तीन) एवं भण्डार क्रय नियमों एवं अन्य विधि नियमों का पालन नहीं किया गया है ।

पत्र में यह आरोपित किया गया कि खरीदी गई सामाग्रियों की खुले बाजार से निविदा आंमत्रित करके नहीं खरीदी गई । पत्र में यह आरोपित किया गया कि खरीदी गई सामाग्रियों में विद्युत सामाग्री, सार्वजनिक फोर-वे मूत्रालय, मोबाईल टॉयलेट, सीवर क्लीनिंग मशीन, एस गैस एनालाईजर, ब्रिथिंग अर्पाटस सिलेण्डर, सक्सन कम जेटिंग मशीन आदि खरीदी गई है, जिनका कहीं अता पता नहीं है ।

इसी प्रकार कटनी एम.एस.डब्ल्यू. के द्वारा हर 06 वर्ष में कचड़ा परिवहन वाहन खरीदे जाने थे लेकिन उनके द्वारा नहीं खरीदे गये । इस पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा कटनी एम.एस. डब्ल्यू के ठेकेदार को अवैध फायदा पहुँचाने के लिए नगर निगम मद से कचड़ा वाहन खरीद कर कटनी एम.एस. डब्ल्यू को दे दिये हैं जबकि उसे खरीद करने के लिए डी.पी.आर. एवं अनुबंध में कोई उल्लेख नहीं है तथा कोई बजट प्रावधान भी नहीं था तथा नीतिगत मामला होने एवं पूरे नगर से संबंधित होने के कारण भी म.प्र. नगर पालिका (मेयर इन कौंसिल/प्रेसीडेंट ऑफ कौंसिल के कामकाज का संचालन एवं पदाधिकारियों की शक्तियॉं एवं कत्र्तव्य) नियम 1998 का नियम 5 (तीन) के अंतर्गत निगम परिषद की कोई स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई । इस राशि का कोई समायोजन भी नहीं किया गया । निगम विरुद्ध खरीदी एवं निगम परिषद की सक्षम स्वीकृति न होने के बावजूद उक्त खरीदी कार्यों के भुगतान के बिलों का अनुमोदन कटनी के वरिष्ठ संपरीक्षक, स्थानीय निधि संपरीक्षा कटनी के द्वारा भी कर दिया गया है और अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया गया है।

मिथलेश जैन द्वारा आरोपित किया गया है कि नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा की अनुपयोगी व अवैध खरीदी से नगर निगम की वित्तीय स्थिति पूर्णतः गड़बड़ा गई है । करोड़ों रुपये की एफ.डी.आर. तोड़कर उक्त राशियों से भुगतान किया गया है । महापौर एवं मेयर इन कौंसिल को जानकारी होने के बावजूद भी उनके द्वारा इस संबंध में न तो जॉंच बैठाई गई है और न ही कार्यवाही की गई है । पत्र में मांग की गई है कि उच्च स्तरीय जॉंच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जावे।

---

**जीआईएस - 2025, भोपाल में होगा वैश्विक निवेशकों का महासंगम**

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कटनी के 250 उद्योगपति होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और विशिष्ट मेहमानों की सूची भी लगभग फाइनल हो चुकी है। राज्य सरकार ने प्रदेश में मौजूद अपार संभावनाओं से परिचित कराने के लिए करीब 60 देशों से उद्यमियों को आमंत्रित किया है। इसमें 13 राजदूतों, 6 उच्चायुक्तों और प्रमुख रणनीतिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई महावाणिज्यदूतों की भागीदारी भी सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की अनूठी पहल देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ मीटिंग और यूके, जर्मनी और जापान में निवेशकों को आकर्षित करने रोड-शो के आयोजन ने न सिर्फ क्षेत्रीय उद्योगों को एक सुदृढ़ प्लेटफार्म दिया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने प्रदेश में निवेश की रुचि दिखाई है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में शामिल होनें के लिए कटनी जिले के करीब 250 अद्योगपति शामिल होंगे।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राजनयिक कोर की भागीदारी का नेतृत्व जर्मनी, जापान, स्विट्जरलैंड और मलेशिया के महावाणिज्यदूतों सहित मिशनों के प्रमुखों द्वारा किया जा रहा है। इसमें यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, नीदरलैंड और कनाडा के वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि भी शामिल हैं। राजनयिक उपस्थिति को और प्रभावी करते हुए, नेपाल, मोरक्को, जिम्बाब्वे, अंगोला और बुर्किना फांसो के राजदूतों के साथ रवांडा, सेशेल्स, जमैका, लेसोथो और युगांडा के उच्चायुक्तों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

जीआईएस भोपाल में विश्व बैंक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जीआईएस में विश्व बैंक का नेतृत्व कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो क्रौमे कर रहे हैं। उनके साथ इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल परिवर्तन के वरिष्ठ विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त निवेश संवर्धन एजेंसियों के संगठन (डब्ल्यूएआईपीए) का प्रतिनिधित्व उप कार्यकारी निदेशक दुष्यंत ठाकोर करेंगे।

जीआईएस भोपाल में विकसित अर्थव्यवस्थाओं की प्रमुख व्यापार और निवेश संवर्धन एजेंसियों ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। इनमें महानिदेशक श्री हिरोयुकी कितामुरा के नेतृत्व में जेट्रो (जापान), निदेशक सुश्री सीमा भारद्वाज के प्रतिनिधित्व में जर्मन ट्रेड एंड इन्वेस्ट और इन्वेस्ट ओटावा का वरिष्ठ नेतृत्व शामिल हैं। शिखर सम्मेलन में इतालवी व्यापार एजेंसी, कनाडा की व्यापार आयुक्त सेवाएं, ऑस्ट्रेड (ऑस्ट्रेलिया) और मैट्रेड (मलेशिया) का भी प्रमुख प्रतिनिधित्व है, जो मध्यप्रदेश में मजबूत क्रॉस-महाद्वीपीय निवेश रुचि को दर्शाता है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को द्विपक्षीय चौंबर्स ऑफ कॉमर्स से भरपूर समर्थन मिला है, जो प्रमुख आर्थिक साझेदारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रबंध निदेशक श्री स्टीफन हालुसा के नेतृत्व में इंडो-जर्मन चौंबर ऑफ कॉमर्स (आईजीसीसी) और जर्मन इंडियन इनोवेशन कॉरिडोर (जीआईआईसी) भारत-जर्मन आर्थिक सहयोग में महत्वपूर्ण विशेषज्ञ लेकर आए हैं। सिंगापुर के आर्थिक हितों का प्रतिनिधित्व सिंगापुर इंडियन चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसआईसीसीआई) द्वारा किया जाता है। इसके अध्यक्ष श्री मनीष त्रिपाठी हैं, जो प्रौद्योगिकी और निवेश के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

जीआईएस की विविध द्विपक्षीय भागीदारी में चेयरमैन श्री रमेश अय्यर के नेतृत्व में कोरिया में भारतीय चौंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसीके), अध्यक्ष श्री जे.जे. सिंह के प्रतिनिधित्व वाले इंडो-पोलिश चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आईपीसीसीआई) और इंडिया जिबूती चौंबर ऑफ कॉमर्स (आईडीसीसी) शामिल हैं। ये चौंबर सीमा पार निवेश को सुविधाजनक बनाने और मध्यप्रदेश और उनके संबंधित क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को सशक्त बनाने में बहुमूल्य विशेषज्ञ लेकर आए हैं।

जीआईएस में शामिल होने वाले रूस के उल्यानोवस्क क्षेत्र के गवर्नर रुस्किख अलेक्सई युरेविच रूस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इसमें वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक नेतृत्व शामिल हैं।

---

## 1 अप्रैल की स्थिति में जारी हुई सभी संवर्ग की अंतरिम वरिष्ठता सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह ने बताया की 1 अप्रैल की स्थिति में सभी संवर्गों की अंतरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है जिसमें प्राचार्य संवर्ग, व्याख्याता, उच्च माध्यमिक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, प्रधानाध्यापक माध्यमिक शाला एवं माध्यमिक शिक्षकों की राज्य स्तरीय अंतरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन करते हुए सर्व संबंधितों से सूची में विसंगतियों के संबंध में दावा आपत्तियां मंगाई गयी है।

उक्त आदेश के परिपालन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को पदक्रम सूची को विकासखण्ड स्तर पर सूचना पटल में प्रकाशित करने एवं सभी संबंधितों को अवलोकन कराएं यति इसी लोकसेवक की जानकारी सूची त्रुटिपूर्ण है तो उसे सुधार हेतु आवेदन प्राप्त कर प्रमाण सहित अभ्यावेदन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए गए है।

जिला स्तर पर 1 अप्रैल की स्थिति में सहायक शिक्षक सहायक शिक्षक विज्ञान एवं प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक विज्ञान की अंतरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है सर्व संबंधितों से सूची में विसंगतियों के संबंध में ठावा आपत्तियां मंगाई गयी है जिसके परिपालन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पदक्रम सूची को विकासखण्ड स्तर पर सूचना पटल पर प्रकाशित करने एवं सभी संबंधितों को अवलोकन कराते हुए किसी लोक सेवक की जानकारी सूची में त्रुटिपूर्ण है तो उनसे सुधार हेतु आवेदन प्राप्त कर प्रमाण सहित अभ्यावेदन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश है।

खबर संक्षेप

## निरोगी काया अभियान की हुई शुरूआत

**दमोह।** प्रदेशव्यापी निरोगी काया अभियान की शुरूआत दमोह शहरी क्षेत्र सहित सभी विकासखंडों में कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया विकासखंड तेन्दूखेड़ा के आयुष्मान आरोग्यम मंदिर हर्रई पहुँचकर निरोगी काया अभियान के तहत दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। पदस्थ सीएचओ खुशबू वाल्मिक को अपनी टीम के साथ ग्रामीणजनों को मधुमेह, उच्च रक्तचाप सेवा देते हुए पाया गया। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. जैन ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरूष-महिलाओं की उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा नॉन एल्कोहलिक फैटी लीवर की पहचान एवं निःशुल्क उपचार सेवा हेतु निरोगी काया अभियान 20 फरवरी से 21 मार्च दौरान चलाया जायेगा। आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर सप्ताह में 5 दिन विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे। हटा विकासखंड के गैसाबाद में सीएचओ मालती द्वारा एचडब्ल्यूसी में पहुँचे लोगों को निरोगी काया अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवायें दी गई। हिण्डोरिया विकासखंड के एचडब्ल्यूसी गुंजी में सीएचओ रामकली पटेल, वहीं बटियागढ़ के लिधोरा एचडब्ल्यूसी में सीएचओ अभय कुमार पाण्डेय द्वारा मधुमेह उच्च रक्तचाप की जांच की गई।

### राजादहार मंदिर में श्री हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर 20 फरवरी को संपन्न हुआ भंडारा, 22 फरवरी को होगा पुनः विशाल भंडारा

**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर राजादहार मंदिर में श्री हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित अखंड राम नाम संकीर्तन और भंडारे का आयोजन बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। 19 फरवरी को शुरू हुए अखंड राम नाम संकीर्तन का समापन 20 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ हुआ। इस अवसर पर नगरवासी, श्रद्धालु और राहगीर हनुमान जी के चरणों में प्रसाद अर्पण करने पहुंचे और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह आयोजन हर वर्ष 20 फरवरी को श्री हनुमान जी महाराज की वर्षगांठ के रूप में आयोजित किया जाता है।

गायिका शहनाज अख्तर, आदिवासी नृत्य गुदुंब बाजा स्थानीय कलाकारों की आज शनिवार को होगी प्रस्तुतियां

# विनोद साहू के भक्ति गीतों ने किया भक्तिमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी द्वारा आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव एवं मेला के द्वितीय दिवस स्थानीय कलाकारों के साथ प्रसिद्ध भजन गायक विनोद साहू ने अपनी प्रस्तुति से महोत्सव को भक्ति मय कर दिया। द्वितीय दिवस महोत्सव कार्यक्रम का प्रारंभ महोत्सव संयोजक सत्येन्द्र सिंह लोधी ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। नोहलेश्वर महोत्सव में स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह ने तालिया की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। जबलपुर के प्रसिद्ध भक्ति गायक विनोद साहू और उनकी टीम द्वारा विभिन्न भक्ति रस से आनंद विभोर गीतों द्वारा महोत्सव को भक्ति मय कर दिया। स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ बुंदेली कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। महोत्सव में सर्वोदय पब्लिक मिडिल स्कूल नोहटा, सरोज कान्वेंट स्कूल प्रतिमा सूर्यवंशी, खुशी रजक ने नृत्य की प्रस्तुति दी। शासकीय माध्यमिक शाला भाट खमरिया, ज्ञान गंगा स्कूल बांदकपुर के छात्रों के ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए। सामूहिक नृत्य में सरोज कान्वेंट स्कूल जबेरा का तीसरा, सर्वोदय पब्लिक स्कूल नोहटा का दूसरा स्थान रहा। शासकीय माध्यमिक शाला भाट खमरिया बधाई नृत्य में पहला स्थान लगा। युगल नृत्य में संध्या दीक्षा राखी तीसरे स्थान पर रहीं। प्रतिमा खुशी दूसरे एवं पूनम एवं भावना राजपूत प्रथम रहीं। गीत में दीपक राजपूत प्रथम, आराधना एवं संध्या ने दूसरा स्थान पाया। इस दौरान सभी स्थानीय कलाकारों, विनोद साहू और उनकी टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। महोत्सव संयोजक सत्येंद्र



सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को इस मंच से प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना हैं। उन्होंने कहा 22 से 26 फरवरी तक संस्कृति विभाग के द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें गायिका शहनाज अख्तर भी आयेंगी, आदिवासी नृत्य गुदुंब बाजा स्थानीय कलाकारों द्वारा 22 फरवरी को प्रस्तुतियां होंगी, 23 फरवरी को कुनाल गांजा वाला गायक एवं भरतनाट्यम, शास्त्रीय नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य राजस्थानी कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां होंगी। 24 फरवरी को प्रसिद्ध गायिका पलक मुछाल उपस्थित होंगी और अपने गायन के द्वारा सभी का मन मोह लेने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कथकली, कुचिपुड़ी, शास्त्रीय नृत्य एवं स्थानीय कलाकार द्वारा भी प्रस्तुतियां होंगी। 25 फरवरी को पंचनाथ जुगलबंदी, कवि सम्मेलन जिसमें शैलेश लोढ़ा, भवन मोहिनी, लक्ष्मण नेपाली सहित अन्य कवियों के साथ एक कवि सम्मेलन संपन्न होगा और स्थानीय कलाकारों द्वारा उस दिन प्रस्तुतियां दी जायेंगी। 26 फरवरी को प्रसिद्ध पांडा गायिका अभीलिप्सा, लखबीर सिंह लक्खा हमारे बीच होंगे, इनके साथ-साथ स्थानीय प्रस्तुतियां भी होगी। इस प्रकार 10 दिन के कार्यक्रम 28 फरवरी तक हैं, जिसमें हर दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होगी। 22 फरवरी से 26 फरवरी तक संस्कृति विभाग के द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

## मां बेटी मेला एवं विदाई समारोह का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

कस्तूरबा बालिका छात्रावास रजपुरा में मां बेटी मेला एवं विदाई समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत सम्मान के साथ की गई। उपस्थित अतिथि विधायक उमादेवी खटीक, नायब तहसीलदार मडियादो शिवराम चढ़ार, जिला पंचायत सदस्य मडियादो मोहनी जैन, जनपद उपाध्यक्ष हटा राजकुमारी छिरोलिया , विधायक प्रतिनिधि शिवा भटेले , सरपंच सीतारानी यादव, रामकृष्ण नामदेव ,वार्डन क्रांति अहिरवार , सहायक वार्डन सुनीता अहिरवार द्वारा सर्वप्रथम कन्या पूजन कर छात्रावास में अध्ययनरत छात्राओं की माताओं का मंच से स्वागत किया गया। ग्रामीण अंचल ओर पिछड़े क्षेत्र से आई छात्राओं को उच्च शिक्षा मिले वह पढ़े और अपना स्वर्णिम भविष्य बनाए इसमें सहयोग करने के लिए पालकों का यह सम्मान किया गया। छात्राओं द्वारा उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों के मध्य मनमोहक धार्मिक प्रस्तुति, वर्तमान परिवेश को दर्शाते हुए नाटकीय मंचन किया गया। इसके साथ ही छात्रावास में रहकर अध्ययन करने वाली छात्राएं जिन्होंने वर्ष 2023-24 बोर्ड परीक्षाओं में शानदार अंक अर्जित किए उनको मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया। छात्राओं को बेहतर सुविधाएं, शिक्षण व्यवस्थाएं उपलब्ध कराकर उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर उनको सफल बनाने में ओर बेहतर प्रबंधन के लिए छात्रावास की वार्डन क्रांति अहिरवार और सहायक वार्डन सुनीता अहिरवार को विधायक हटा उमादेवी खटीक द्वारा प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया । सचिव रजपुरा भगवान सिंह ने वीर रस में बुंदेली कविता की प्रस्तुति से सभी को आकृषित किया ।इस दौरान 12 वीं की छात्राओं द्वारा अपने अनुभव मंच से साझा किए गए। उन्होंने बताया कि छात्रावास पढ़ाई के साथ जीवन कौशल सिखाते है। दौरान, जनपद सदस्य महेश्वर सिंह, जितेंद्र अहिरवार , कमला आदिवासी , डॉ प्रकाश चंद सोनी, रामचंद्र यादव, नारायण पूरा सरपंच जसवेंद्र यादव,सचिव भगवान सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मंच संचालन शिवा भटेले और अभय जैन द्वारा किया गया।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित

**दमोह।** दमोह जिले के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाओं को देखते हुये म.प्र. कोलाहल अधिनियम 1985 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने जिले की राजस्व सीमाओं में रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक की अवधि में जिला दमोह में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का किसी भी प्रकार से प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने कहा है विभिन्नक स्त्रोतों से यह तथ्य संज्ञान में लाया गया है कि उपरोक्त समयावधि के अतिरिक्त प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे के मध्य भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों को तेज आवाज में बजाये जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उक्त के परिप्रेक्ष्य में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम-2000 के अंतर्गत अधिसूचित अनुसूची के अनुसार दिन के समय प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि के लिये ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अधिकतम ध्वनि सीमा निर्धारित की गई है। उन्होनें बताया औधोगिक क्षेत्र में 75 डेसिबल, व्यवसायिक क्षेत्र में 65 डेसिबल, आवासीय क्षेत्र में 55 डेसिबल एवं साईलेंस जोन में 50 डेसिबल ध्वनि सीमा निर्धारित की गई है। इस प्रकार दमोह जिले की राजस्व सीमाओं में मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अंतर्गत 25 मार्च 2025 तक रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक की अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि के लिये ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) अनुसार ध्वनि सीमा के भीतर ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वालों के विरूद् शिकायत प्राप्त होने पर ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम-2000 के नियम 6, 7 एवं 8 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## भारतीय भाषाएं एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के विषय में संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**दमोह।** जबेरा नगर स्थित शासकीय महाविद्यालय में 21 फरवरी 2025 को ₹भारतीय भाषाएं एवं भारतीय ज्ञान परंपरा₹ विषय पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी की अध्यक्षता राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के पिता भाव सिंह लोधी, मुख्य अतिथि रूपेश सेन ,मयंक जैन, सुशील घोषी रहे।मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अश्विनी नामदेव जी,पंकज हर्ष श्रीवास्तव एवंअनिल सोनी ने अपने उद्बोधन दिए की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन कर किया गया।भाव सिंह लोधी ने अपने वक्तव्य में बताया की भाषा के माध्यम से अपने हृदय की बात कैसे रखी जाती है।उन्होंने अकबर बीरबल की कहानी के माध्यम से मातृभाषा की उपयोगिता को बताया। प्रमुख वक्ता अनिल सोनी ने हिंदी भाषा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को बताया। हिंदी के विभिन्न कालों में हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी। द्वितीय वक्ता के रूप में पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने हिंदी भाषा के वैश्विक महत्व और वर्तमान में उपयोगिता को रेखांकित किया। डॉ अश्वनी नामदेव ने अपने वक्तव्य में कविता के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व एवं भाषा के इतिहास के बारे में जानकारी प्रदान की। विधायक प्रतिनिधि सुशील ठाकुर सहारा ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस क्यों मनाया जाता है इस बारे में एक विस्तृत जानकारी दी।प्राचार्य डॉ ऋतु श्रीवास्तव ने अपने कार्य मातृभाषा में कार्य करने के लिए सभी को प्रेरित किया।मंच संचालन बाबूलाल कोष्टी द्वारा किया गया उन्होंने स्वतंत्रता के बाद हिंदी भाषा के साथ किए जाने वाले भेदभाव को इंगित किया।संगोष्ठी महाविद्यालय की भारतीय ज्ञान परंपरा कार्यक्रम प्रभारी डॉ राहुल बर्दिया डॉक्टर हेमंत साहू सहित महाविद्यालय स्टॉफ वह बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से होता है मन का शुद्धिकरण : पं उमाशंकर शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ग्राम बनवार के घटेरा रोड़ राम धुजा कुआं के पास आज से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण का शभारंभ हो गया हप्र थम दिन कथावाचक पं उमाशंकर शास्त्री ने भागवत कथा का महत्व बताते हुये कहा उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं, कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है, यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है, भागवत कथा भगवान के प्रतिअनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है, यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। कथा श्रौता दरयावसिंह रुक्मिणी बाई एवं के सभी लोग सम्मिलित हुए।

## वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पी.एम श्री शासकीय हाई स्कूल लक्ष्मण कुटी में 20 फरवरी 2025 को पूर्व जिला परियोजना समन्वयक राजेंद्र पटेल, पूर्व सहायक संचालक आर.एस राजपूत, एसएमडीसी अध्यक्ष लखन पटेल वरिष्ठ व्याख्याता, आरबी सिंह, संकुल के समस्त शाला प्रमुख एवं शिक्षक छात्रों के पालक जिले के मशहूर संगीतकार अर्जुन पटेल, धीरेंद्र पाराशर, सदन नेमा, चित्तर सिंह, राजाराम श्रीवास्तव एवं भव्य जन समूह स्थानीय नागरिकों लक्ष्मण कुटी धाम मंदिर के पुजारी एवं अध्यक्ष विद्यालय के प्राचार्य आर.पी पटेल एवं समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। विद्यालय में पधारे संगीत के द्वारा छात्र हित एवं शिक्षा पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत प्रस्तुत किए गये। विद्यालय के शिक्षक अनिल खरे द्वारा मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया गया। क्षेत्र के समस्त नागरिकों द्वारा इस गरिमा पूर्ण कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। कार्यक्रम समापन में वर्ष में अधिक अंक प्राप्त करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिता में पारितोषिक वितरण किया गया छात्रों एवं सभी को स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

## छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**बनवार।** नोहलेश्वर महोत्सव नोहटा के द्वितीय दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरोज कान्वेंट स्कूल जबेरा की छात्राओं ने ₹आरम्भ है प्रचण्ड, बोले मस्तकों के झुंड, आज ज़ंग की घड़ी की तुम गुहार दो₹ गीत पर एक मनमोहक सामूहिक नृत्य प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में अपेक्षा यादव, ललिता पटेल, राधिका राय, देशना जैन, छवि नकपुरे और भूमिका राय ने भाग लिया और सरोज कान्वेंट स्कूल जबेरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें भाव सिंह लोधी, सत्येंद्र सिंह लोधी, नितेंद्र सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन और सरोज कॉन्वेंट स्कूल जबेरा के संचालक केशव मिश्रा शामिल थे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई जानकारी

**दमोह।** बेबस सुनार -2 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से चिन्हित ग्रामों में मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है, जिसमें व्ही.डब्ल्यू.एस.सी. समिति, अंशदान एवं जलकर की जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम वासियों को दी गई। नुक्कड़ नाटक आईएसए की टीम द्वारा दमोह ब्लॉक खजरी गांव से प्रारंभ करते हुए चांदोरा, मड़यिा कमल, करैया राख, रायपुर में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जल निगम (**SQC**) के टीम लीडर संजीव कुमार पांडे, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, प्रदीप नामदेव, नरेन्द्र जैन, रवीद्र जैन, (जनसहभागिता प्रबंधक) आईएसए प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रियंका तिवारी एवं ग्रामवासियो की मौजूदगी रहीं।

## पीएमश्री शासकीय हाईस्कूल कुण्डलपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विदाई समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

पीएमश्री शासकीय हाईस्कूल कुण्डलपुर में बार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुण्डलपुर सरपंच परषोत्तम कुशवाहा एवं विधायक प्रतिनिधि भरत पटैल कार्यक्रम के अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि मुकेश कुमार गुजरे बीईओ पटेरा, संकुल प्राचार्य जेएस अहिरवार रहे। विधायक प्रतिनिधि भरत पटैल द्वारा शाला के प्रवीण्य सूची सत्र 2024-25 के छात्रों को 25000 रूपये की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला के प्राचार्य श्री जगदीश प्रसाद पटेल द्वारा की गई, कार्यक्रम में छात्रों द्वारा भारतीय संस्कृति पर विशेष प्रस्तुतियां दी गई, संस्था व्दारा छात्र-छात्राओं को परीक्षापयोगी सामग्री प्रवेश पत्र, कम्पास बाक्स एवं पेन वितरित किये गये, कार्यक्रम में शिक्षक भान कुमार चौरसिया, मुंशी लाल सैयाम, तारा नामदेव, रूपवती अहिरवाल, विभा जैन, माधवी जैन अशोक कुमार गर्ग निखिल गौतम, रामकिंकर उपाध्याय, संदीप विश्वर्मा का विशेष सहयोग रहा, कार्यक्रम के पश्चात कक्षा 10 के छात्रों को विदाई दी गई, एवं संस्था द्वारा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के अंत में आभार संस्था के प्राचार्य जेपी पटैल द्वारा किया गया।

# सुपर ओवर में भोपाल ने छिंदवाड़ा को पराजित किया, फाइनल में पहुंची

### भोपाल के गुरविंदर ने 50 गेंदों पर बनाये नाबाद 87 रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय में चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट पुरुष टूर्नामेंट में आज दो मैच खेले गये। पहला मैच रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के बीच खेला गया जिसमें भोपाल ने जबलपुर को 4 विकेट से पराजित कर सेमिफाइनल में जगह बनायी वहीं सेमिफाइनल मैच भोपाल और छिंदवाड़ा के बीच खेला गया जिसमें सुपर ओवर में भोपाल ने छिंदवाड़ा को 5 रन से पराजित कर फाइनल मुकाबले में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। पहले मैच में जबलपुर ने टास जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया शुरुआत में बल्लेबाजों ने धुंआधार रन बटोरे लेकिन बाद के बल्लेबाज कुछ ज्यादा करिश्मा नहीं दिखा सके और पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर की जगह 18 ओवर में ही 135 रन बनाकर धराशाई हो गई। टीम ने 11चौके और 5 छक्के लगाए। साहिल लोधी ने 19 गेंद पर शानदार 32 और सुमित पटेल ने 15 गेंद पर 24 रन बनाकर सर्वाधिक रनों का योगदान दिया। वहीं भोपाल ने 19.3 ओवर में लक्ष्य को पूरा कर जबलपुर को 4 विकेट से पराजित किया। इस मेच में भोपाल टीम के गुरविंदर सिंह ने 4 छक्के और 8 चौकों की मदद से 50 गेंदों में 87 रन की नाबाद पाली खेली। भोपाल टीम की तरफ से 4 छक्के और 8 चोके मारे गये। जबलपुर के इल्ज़ाम ने 4 ओवर में 41 रन देकर सर्वाधिक 2 विकेट लिये।

सेमीफाइनल मैच में छिंदवाड़ा ने पहले बल्लेबाजी की और 15.2 ओवर में 10 विकेट खो कर 127 रन बनाकर भोपाल को 128 रन बनाने का लक्ष्य दिया। अभिषेक ने 24 गेंद पर 40 रन बनाए। वहीं भोपाल के खिलाड़ियों ने भी अच्छी बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 127 रन बनाए और मैच टाई हो गया। जीत हार के लिए दोनों टीमों को सुपर ओवर खिलाया गया। भोपाल की ओर से 1 ओवर में एक विकेट पर 10 रन बनाए वहीं छिंदवाड़ा एक ओवर में एक विकेट पर 5 रन ही बटोर पाये। इस प्रकार भोपाल ने छिंदवाड़ा से सेमिफाइनल मैच जीतकर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। पहले मैच के अंपायर प्रेम दुबे और प्रशांत गुप्ता वहीं दूसरे मैच के विक्रांत सिंह परिहार और प्रशांत गुप्ता रहे। स्कोर बोर्ड प्रिंस चक्रवर्ती ने तैयार किया।

## खबर संक्षेप

### मप्र पटवारी संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** मध्य प्रदेश की पटवारी की मूलभूत समस्याओं का उचित निराकरण करने हेतु जिला कलेक्टर को मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने हेतु सौपा। 1.जिसमे अवकाश के दिनों में सेवा हेतु बुलाए जाता है उसका भुगतान पुलिस विभाग के समान किया जाए। 2. सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थित दर्ज करना बंद किया जाए 3. प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सम्मान निधि की योजना में सीएम हेल्पलाइन लिखित 81 से अलग किया जाए 4. स्वामित्व योजना का भुगतान 5. प्रोटेक्शन एक्ट 6. फार्मर आईडी का ऐप अत्यंत निम्न स्तर का है उसमें सुधार कराया जाए 7. फसल सर्वे का भुगतान सर्वे को तत्काल कराया जाए 8. एग्री स्टेट व अन्य भत्ते का भुगतान नहीं होना 9. राजस्व महाभियान 3.0 में पटवारी को प्रताड़ना 10. पदोन्नति व समयमान वेतनमान 11 स्थानांतरण आदि विषयो के संबंध में ज्ञापन सौपा। ज्ञापन सौंपने वालों में मध्य प्रदेश पटवारी संघ के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी दुबे नीरज चौरसिया सूरज पाठक मनोज पटेरिया विक्रम सोनी बृजेश विश्वकर्मा अंकित अवस्थी आदि की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर ने बालिका कामिनी को पोषण सामग्री प्रदान की

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दमोह नगर के राजेंद्र प्रसाद वार्ड बजरिया 5 के आंगनबाड़ी केंद्र 97 में पहुंचने पर बालिका कामिनी वर्षा बसोर का समक्ष में शारीरिक माप एवं वजन किया गया, बालिका मध्यम कुपोषित श्रेणी में आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज है, बालिका को उचित पोषण सुविधा मिले इस हेतु कलेक्टर श्री कोचर ने बालिका कामिनी को कलेक्टर कार्यालय में पोषण सामग्री प्रदाय की, जिसमें सोया बड़ी, सत्तू, गुड़, चना, मूंगफली, आंवला केन्डी, खजूर जैसी पोष्टिक सामग्री प्रदाय की गई।

### जै जै सरकार वार्षिकोत्सव : 27 कुण्डीय सीताराम महायज्ञ के साथ श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शुरू

# एक संत की तपस्या के कारण अजब धाम में कई संतों के दर्शन हो रहे- पं विपिन बिहारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





अजब धाम में विगत 20 फरवरी से जै जै सरकार वार्षिकोत्सव एवं 27 कुण्डीय सीताराम महायज्ञ के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथा के द्वितीय दिवस पंडित विपिन बिहारी जी महाराज ने कहा कि अजब धाम के पूज्य संत जै जै सरकार की तपस्या के कारण यहां महायज्ञ और एक साथ कई संतो के दर्शन लोगो को मिल रहे हैं। यह सौभाग्य की बात है, संसार में प्राणी मात्र को किसी की भी कभी निंदा नहीं करनी चाहिए, निंदा करना और निंदा सुनना दोनों में महापाप लगता है गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी रामचरितमानस में इसका उल्लेख किया है,यदि तराजू के एक पलड़े पर एक निंदा करने वाला व्यक्ति और दूसरी तरफ हजार पापी रख दिये जाएं बातो निंदा करने वाला पलड़ा भारी होगा। जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में आयोजित शिव कथा में श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए पंडित विपिन बिहारी महाराज ने कहा कि इंसान को भगवान शिव के समान बनना चाहिए। जीवन जीने के लिए दाम जरूरी है, लेकिन राम भी जरूरी है क्योंकि राम के बिना कुछ नही मिलेगा..जै जै सरकार से हमरी प्रार्थना है कि यहां जितने भी यजमान, श्रद्धालु ,दानदाता ,सेवक आ रहे हैं सभी के हाथों में पूज्य सरकार महंगी घड़ी देवे, पर दुख की घड़ी न देवे,आप सभी को सत्संग की घड़ी मिले ताकि जीवन धन्य हो जाए।

### कलेक्टर ने अजब धाम को शुष्क दिवस घोषित किया

**हटा ।** अजबधाम में आयोजित जै जै सरकार वार्षिकोत्सव एवं 27 कुण्डीय सीताराम महायज्ञ के अलावा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानमय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन में श्रद्धालुओं का जन समूह बडी संख्या में एकत्रित होगा। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आबकारी अधिनियम के अनुसार प्रशासकीय तथा लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए तथा लोक शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु 28 फरवरी 2025 की रात्रि 11.30 बजे से 02 मार्च 2025 दिन रविवार को संपूर्ण दिवस तक मदिरा दुकान फतेहपुर को बंद रखते हुए, ग्राम फतेहपुर, तहसील बटियागढ़ में शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में फतेहपुर की भौगोलिक सीमा के अंतर्गत मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### अजब धाम पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल



**हटा।** मप्र सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल शुक्रवार को अजब धाम पहुंचकर जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में शामिल हुए। मंत्री प्रह्लाद पटेल ने देव श्री रामकौमार जी शाला में श्रीराम जी और हाना श्री जै जै सरकार के दर्शन किये और छोटे सरकार से आशीर्वाद लिया और भेंट कर धार्मिक कार्यक्रम के सम्बंध में चर्चा की।

## ग्वारी घाट एवं सरस्वती घाट से विशाल कांवर यात्रा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

मां नर्मदा के पावन तट ग्वारी घाट एवं सरस्वती से हजारों की संख्या में कांवड़ और भगवा ध्वज लिए कांवरियां मां नर्मदा की पूजन करते हुए कांवर में जल लेकर श्री देव जागेश्वर नाथ महादेव के पावन धाम बांदकपुर धाम के लिए रवाना हुए। ग्यारहवीं कांवर पग यात्रा का शुभारंभ आज सुबह पूजन अर्चन के बाद हुआ। चिलोद गांव के चिंतामणि संकट मोचन मंदिर एवं बंजारी माता मंदिर छापरवाहा के श्रद्धालुओं की इस पद यात्रा में हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग श्रद्धालु शामिल हुए जो महाशिवरात्रि के पर्व पर श्री देव जागेश्वर नाथ महादेव भगवान शिव का नर्मदा जल से अभिषेक करने के लिए बांदकपुर पैदल पहुंचेंगे। करीब 130 कि मी की पदयात्रा पांच दिन में तय करते हुए 25 मार्च महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या शाम बांदकपुर पहुंचेंगे। महाशिवरात्रि की सुबह जागेश्वरधाम के कपाट खुलते ही श्रद्धालु भगवान शिव को नर्मदा जल अर्पित करेंगे और भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह समारोह में शामिल होकर देर रात घर लौटेंगे।

चिंतामणि संकट मोचन मंदिर के अवध विश्वकर्मा एवं मां बंजारी कांवर सेवा समिति संतोष सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा का ग्यारह साल है जिसमें हर साल उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। जगह-जगह उनका स्वागत कि या जाता है और अन्य लोग भी उनके साथ हो जाते हैं जो भक्ति भाव का माहोल निर्मित होता है उससे इस दूरी का पता ही नहीं चलता।

कांवर पद यात्रा में चिलोद बम्होरी माला सिमरी खुर्द टपरिया मझगांवा मानगढ़ कछवारा रोड पिपरिया नवल छपरबाहा पटना मानगढ़ मुबार जमुनिया चोपरा चंडी पट्टी महाराज सिंह पौड़ी मानगढ़ सहित दर्जनों गांव के हजारों श्रद्धालु शामिल है जिम चिंतामणि संकट मोचन मंदिर के कांवर पद यात्रियों नर्मदा ग्वारीघाट जबलपुर बायपास बोरिया कटंगी सिग्रामपुर जबेरा चौपरा होते हुए रोड़ बनवार बांदकपुर मार्ग एवं मां बंजारी कांवर पद यात्री नर्मदा तट सरस्वती घाट बायपास जबलपुर से सिग्रामपुर पोड़ी लिंक रोड से बम्होरी मानगढ़ होते हुए रोड बनवार मार्ग से बांदकपुर पहुंचेंगे यात्रा मार्ग पर क्षेत्र वासियों के द्वारा स्वागत भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी

## स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर बीएमओ ने दो गांवों का किया भ्रमण



**दमोह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा के अन्तर्गत ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के आयोजन पर डॉ. अशोक बरोनिया मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी पटेरा द्वारा ग्राम रेवझाघाट एवं तिरगढ़ का भ्रमण कर किये जा रहे कार्य निरीक्षण कर हाई रिस्क वाली महिलाओ पर विशेष ध्यान देने एवं ईपीएमएसएमए में अनिवार्य रूप से भेजने एवं जरूरत पड़ने पर तुरंत मुझ से एवं सीएचसी में सम्पर्क कर सेवाएं प्रदान करने निर्देशित किया। किये जा रहे कार्य की फीडिंग पोर्टल पर भी शीघ्र करें। इस मौक़े पर बी. ई.ई. प्रमोद तंतुवाय द्वारा टीकाकरण के दौरान चार सन्देश अनिवार्य रूप से प्रत्येक लाभार्थी को दें। साथ ही परिवार नियोजन के महत्व के बारे में उपस्थित लक्ष्य दंपत्ति को दी गई। सत्र के दौरान शिखा सेन ए एन एम, विनीता चौहान आशा सुपर वाइजर, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता, ए न जी ओ से अंतरा फाउंडेशन से प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नोहलेश्वर महोत्सव में पहुंचा हेलीकॉप्टर

**दमोह।** जिले की जबेरा विधानसभा के अंतर्गत नोहटा में नोहलेश्वर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा। इस महोत्सव में देश के मुख्य कलाकारों सहित क्षेत्रीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है एवं मेले में विभिन्न प्रकार की सामग्री आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस सबंध में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव में मुख्य रूप से हेलीकॉप्टर से हवाई यात्रा भी एक मुख्य आकर्षण का केंद्र है जिसका शुभारंभ आज 22 फरवरी 2025 से किया जाएगा। एडवांस बुकिंग 500 से अधिक अभी तक हो चुकी है, आज महोत्सव के समीप हेलीकॉप्टर आगमन हुआ जिसको देखना बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंच रहे हैं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया इस महोत्सव को हम नित नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों को हेलीकॉप्टर की सुविधा मुहैया कराई है जिससे कि सामान्य परिवार भी हवाई यात्रा का आनंद ले सकेगा।

# नवीन वेदी जी पर विराजी श्री जिनवाणी मां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





श्री सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर का प्रवेश द्वार धर्मनगरी पटेरा में आचार्य प्रवर श्री जिन तारण स्वामी जी महाराज की आत्म हितकारी वाणी के प्रभावनार्थ पटेरा में शुक्रवार को वेदी प्रतिष्ठा महा महोत्सव के प्रथम दिवस 21 फरवरी, शुक्रवार को नवनिर्मित भव्य चैत्यालय जी में श्री जिनवाणी जी अस्थाप एवं ध्वजारोहण महोत्सव गुरुवाणी मर्मज्ञ इतिहास रत्नाकर अध्यात्म रत्न पूज्य श्री बसंत जी महाराज के कुशल मार्गदर्शन एवं श्रद्धेय ब्रह्मचारी श्री चिदानंद जी महाराज, श्री दिव्यानंद जी महाराज, बाल ब्रह्मचारी श्री विज्ञानन्द जी महाराज, ब्रह्मचारी श्री बाबूलाल जी, ब्रम्हचारी श्री पन्नालाल जी, श्री आलोक जी एवं बाल ब्रह्मचारिणी बहिन श्री समय श्री जी, विंद श्री जी, सरिता जी, अर्चना जी के मंगल सानिध्य एवं *प्रतिष्ठाचार्य* प्रतिष्ठारत्न पंडित श्री नीलेश कुमार जी, प. श्री विजय मोही जी, प. श्री जय कुमार जी, प. श्री नेमीचंद जी गोयल, प. श्री महेश चंद जी, प. श्री अनिल कुमार जैन के कुशल निर्देशन तथा पूर्व वित्त मंत्री एवं वर्तमान विधायक श्री जयंत मलैया जी की विशिष्ट उपस्थिति में अभूतपूर्व दान प्रभावना के साथ सानंद सम्पन्न हुआ।

इस पावन अवसर पर एक ओर जहां अपने पूज्यजनों की पुण्य स्मृति में श्री संतोष कुमार जी (पप्पू भैया ), नीरज कुमार जैन परिवार कुड़ई पटेरा ने 3,55,555 रु की दानराशि से *मुख्य ध्वजारोहण कर्ता, मेला नायक* बनने का सौभाग्य प्राप्त किया वहीं दूसरी ओर श्रीमती सुमन संजय कुमार जी जैन परिवार खवासा द्वारा चैत्यालय जी को भामंडल, चांदी का छत्र, चंवर* एवं श्रीमती किरण चौधरी धर्मेंद्र कुमार जी जैन परिवार पटेरा ने एक जोड़ी *चांदी के चंवर* दान स्वरूप भेंट किए। इसके साथ ही प्रभावना पूर्ण जिनवाणी जी अस्थाप के बाद वेदी जी पर छत्र लगाने का सौभाग्य श्री चौधरी धर्मेंद्र कुमार मनोज कुमार जी परिवार पटेरा, चंवर लगाने का सौभाग्य सवाई सेठ श्री राजेंद्र कुमार, राकेश कुमार, रवि कुमार जैन परिवार पटेरा ने एवं समव शरण वेदी जी पर *छत्र* लगाने का सौभाग्य धर्मप्रेमी सेठ श्री महेश कुमार कैलाश कुमार जैन परिवार अमरवाड़ा ने प्राप्त किया तथा अनेकों गुरु भक्तों ने भी *मंगल ध्वज, कलश* लेकर अस्थाप करने का महान सौभाग्य प्राप्त किया जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से अनुमोदना की। रात्रि में धार्मिक प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मान हुए। उक्त जानकरी आयोजन समिति की ओर से अतुल जैन एवं अमित जैन द्वारा दी गई।

# तीन मासूम बेटियों को छोड़कर प्रेमी के संग भागी हुई कलियुगी मां

**दमोह।** पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला के अपने तीन बच्चों तथा वृद्ध सासू मां की परवाह किए बिना पति को छोड़ प्रेमी के साथ भाग जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घर के एक कमरे में महिला ने प्रेमी की मदद से रोशनदान का जंगला अलग करके बड़ा सा छेद बना रखा था जिसके जरिए प्रेमी का आना-जाना बना रहता था और इसी रास्ते से निकल कर बात करें दोनों फुर्र हो गए। पत्नी की तलाश में भटक रहे पति की शिकायत पर फिलहाल पथरिया थाना पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है करीब 10 बार से पूर्व पथरिया निवासी नरेंद्र जैन विवाह नहीं होने पर उड़ीसा से दुल्हन को ब्याह कर लाए थे। जिनसे उनके तीन बच्चे भी है। कटनी में नौकरी करने की वजह से नरेंद्र पथरिया स्थित अपने घर में कम ही रहते थे। घर में उनकी बूढ़ी मां छोटा भाई और तीन बच्चे रहते थे। पति की गैर मौजूदगी में पत्नी सीमा का किसी और से इश्क चल पड़ा तथा प्रेमी का चोरी छुपे घर आना जाना भी शुरू हो गया। 2 दिन पूर्व महिला जब अपने कमरे में प्रेमी के साथ रंगरेलियां मना रही थी तभी उसके देवर ने बाहर से दरवाजे को लगा दिया तथा पुलिस को सूचना देने निकल गया। बाद में पुलिस के मौके पर पहुंचने के पहले ही महिला अपने प्रेमी के साथ दीवाल में बने रोशनदान का जंगला के बड़े होल से निकल कर फुर्र हो चुकी थी। वही घर से थोड़ी दूरी पर एक बाइक लावारिस हालत में खड़ी मिलने पर यह बाइक महिला को भगा ले जाने वाले उसके प्रेमी के होने की आशंका में पुलिस द्वारा जप्त की गई है। उपरोक्त बाइक जबलपुर जिले के सत्यम चौहान के नाम पर होने से इसके साथ ही भागने की आशंका जताई जा रही है। इधर दीवार में जो बड़ा सा सुराग था. उसी सुराग के जरिये कई दिनों से सीमा का प्रेमी सत्यम उसके घर आता जाता था। लेकिन जब पकड़े जाने का मौका आया तो दोनों फरार हो गए। फिलहाल पत्नी के भाग जाने से पति जहां जमकर परेशान है वह उसकी तीन छोटी-छोटी बेटियों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है बुजुर्ग सासू मां जो हाथ में फैक्चर हो जाने से पहले से बेसहारा थी वह भी बहू के भाग जाने से खुद को असहाय महसूस कर रही है।

# भूख से नहीं हुई मवेशियों की मौत

### आरोप जांच में गलत साबित हुये, अव्यवस्था मिलने पर एसडीएम ने समूह को अलग करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



हर्रई सिंगौरगढ की गौशाला में दो मवेषियों की मौत होने के कारण लोगो ने आरोप लगाया कि भूख के कारण इन मवेषियो की मौत हो गई है। जिस कारण एसडीएम सौरंभ गंधर्व एवं जनपद सीईओ मनीष बागरी अपनी टीम के साथ गौषाला की जांच करने पहुंच गए। जिन्होंने तत्काल मृत गौवंश का पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया साथ ही वर्तमान में गौषाला संचालन कर रहे स्वसहायता समूह का अनुवंध निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए गए।

गौशाला के अधिकतर मवेषियों की चमड़ी में रोग होना पाया गया है। जिस कारण पशु चिकित्सा की टीम के द्वारा मवेशियों को टीकाकरण किया गया है। साथ ही एसडीएम सौरभ गंधर्व ने पशु चिकित्सा अधिकारी एवं जनपद सीईओ से मवेषियों की मौत पर जांच प्रतिवेदन मांगा गया है। साथ ही दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए कहां गया है। इसके अलावा जनपद सीईओ मनीष बागरी ने कहां है कि मृत मवेषियों में एक मवेषी को अभी 4 दिन पहले ही गौशाला में लाया गया था जिसकी हालत खराब थी। साथ ही गौषाला में मवेषियों के खाने के लिए गोदाम में पर्याप्त भूसा भरा हुआ है। लेकिन कुछ अव्यवस्था पाई गई है। जिसको लेकर गौशाला का संचालन कर रहे समूह का अनुवंध निरस्त कर अलग किए जाने का आदेश जारी किया गया है। जब तक नए समूह का अनुबंध नही होता है तब तक ग्राम पंचायत ही गौषाला का संचालन करेगं। पशु चिकित्सा अधिकारी हरिकांत विल्वार ने बताया है कि मेरे द्वारा आरआई एवं पटवारी के समक्ष दोनो मवेषियों का पोस्टमार्टम किया है। जिनके पेट में पर्याप्त भोजन था। मवेशियो की मौत भूख से नहीं हुई है। दोनो पशुओ की मौत सामान्य हुई है। मवेषियों में फैलने बाली बीमारी जैसे इल्ली लगना, जुआं हो जाना जिससे मवेशी कमजोर हो जाते है। इसके अलावा खुर पक जाना जैसे बीमारियां होती है। जिनका समय समय पर इलाज किया जाता है। अभी खुर पक जाने के इंजेक्षन लगाए थे। इसके अलावा मैं स्वयं हर माह प्रत्येक गौशाला का निरीक्षण करता हू। इसके अलावा विभाग का अमला भी सप्ताह में एक बार निरीक्षण करता है। निरीक्षण के दौरान मवेषियो के चरने के लिए पर्याप्त भूंसा है कि नही विशेष तोर पर देखा जाता है।

## मनरेगा योजना में मिली भगत से चल रहे काम

**पथरिया।** केंद्र सरकार की मनरेगा योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य के लिए शासन द्वारा 25 लाख रुपए तक के काम करने ग्राम पंचायतों को अधिकार है पंचायतों में मनरेगा योजना रोजगार सहायकों के लिए सही मायने में वरदान है पंचायत में क्या काम चल रहे हैं यह अधिकांश लोगों को पता तक नही रहते कि कौन काम किस योजना से चल रहे हैं लेकिन सोचने वाली बात है जनपद की कुछ ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष में 2023-24 में 70-75 लाख रुपए के काम कराये मतलब जनपद पंचायत अंतर्गत करोड़ों रुपए खर्च हुए पर हकीकत देखने पर काम किस तरह से हुए इसकी कभी जांच नही की जाती कार्य स्वीकृति से पहले 10-15 प्रतिशत का लेन देन हो जाता है उसके बाद आगे चलता है मस्टर रोल का काम रोजगार सहायकों के हाथ में रहता है जो मशीनों के काम को मजदूरों का नाम देकर खातों में भुगतान करवाते हैं जिसमें नाम किसी का खाता कोई चलते रहते हैं ऐसा नहीं किसी को मालूम नही सही मायने में जनपद के अधिकारी स्वयं रोजगार सहायकों को रास्ते बताते हैं बदले में अपना हिस्सा फिक्स कर लेते हैं जिससे सब कुछ खेल चल रहा है। कार्यवाही अगर थोड़ी बहुत कभी की गई तो सिर्फ एकाध पर वाकि सब की मिली भगत रहती है जिससे सब एक दूसरे पर आरोप लगाते रहते हैं जबकि सही मायने में गलती जनपद के अधिकारी शुरुआत से करते हैं और फिर जिनको जांच करना है वह पहले ही लेन देन कर लें तो फिर कार्यवाही की बात कहां रहेगी। शासन द्वारा मनरेगा योजनाओं में खुलकर भ्रष्टाचार अधिकारियों की मिली भगत से होता है वही कागजों पर कार्य प्रगति दर्शाते रहते हैं वर्तमान में जनपद की कार्यशैली से सब परिचित हैं कि किस तरह से संचालन किया जा रहा है। अब तो हर कोई यह चर्चा करने लगा कि यहां बस चले तो एक दो लोग ही जनपद चला सकते वाकि की आवश्यकता नहीं लगती है।

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन




**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में दिनांक 20 एवं 21 फरवरी 2025 को दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन प्राचार्य डॉ. जी पी चौधरी के मार्गदर्शन एवं चंद्रभान पटेल अध्यक्ष जन भागीदारी समिति , एवं श्रीमती शिखा जैन भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष के विशिष्ट अतिथि रहीं 1 कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अवधेश जैन के अनुसार प्रथम दिवस मेहंदी ,रंगोली, एवं कुर्सी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । मेहंदी अरेबियन प्रतियोगिता में प्रथम प्रतिभा सूर्यवंशी द्वितीय पूजा शर्मा तृतीय अर्चना पाल रही दुल्हन मेहंदी प्रतियोगिता में विलियमसन और प्रिया राठौर प्रथम तृतीय अंजलि पटेल रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय आरती पटेल रहीं। कुर्ती दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम भारती तिवारी ,सावित्री पटेल, द्वितीय ,कुमकुम पटेल तृतीय।महिला स्टाफ कुर्ती प्रतियोगिता में प्रथम श्रीमती अनुभा तिवारी , द्वितीय सूत्री आरती सोनी, डॉ ममता संघी तृतीय नहीं इसी तरह पुरुष स्टाफ में डॉ. दिनेश पटेल प्रथम, केशव अहिरवार द्वितीय डॉ.राजेश पौराणिक तृतीय स्थान पर रहे 1 द्वितीय दिवस श्री गणेश वंदना सरस्वती वंदना आजा रे नटखट मुझे रंग दो लाल भारतीय परंपरा पर आधारित ग्रुप डांस राजस्थानी डांस रंगीलो मारो ढोल बरसो रे मेघा मां भवानी जैसी सुंदर परिस्थितियों रही । निर्णायकों में श्रीमती अनीता मराठी श्रीमती वंदना पचोरी श्रीमती सिंधु राजपूत राखी चौहान मेहंदी रंगोली प्रतियोगिता में डॉ. किरण गोस्वामी डॉ. इंदिरा जैन डॉ प्रीति नायक श्रीमती प्रियंका सुरेखा ,श्रीमती अनुराधा गोस्वामी रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एन.पी नायक डॉ. अवधेश जैन डॉ. आराधना श्रीवास मैं किया इस अवसर पर डॉ रेखा जैन डॉ. मालती नायक, डॉ. शिरीन खान ,डॉ असलम खान सहित महाविद्यालय स्टाफ की उपस्थिति और बड़ी संख्या में छात्रों की उपस्थित रही 1